तापमान
अधिकतम 24 .6 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

12 सिल्वर सिटी में साहिबजादों के बलिदान को किया नमन



12 शहजादपुर 400 मीटर दौड़ में जटवाड़ की स्नेहा प्रथम



## कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल व खिलाड़ियों को सशक्त करने का किया गया प्रयासः धर्मवीर

*सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 14 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के विजन और उनकी खेल भावना ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर कुल तीन लाख तीस हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। यह संख्या बताती है कि इस आयोजन ने कितने बड़े स्तर पर युवाओं को खेलों से जोड़ा। इनमें से एक लाख खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें लगभग पचपन फीसदी प्रतिभागी लड़कियां व पैंतालीस प्रतिशत लड़के रहे। सांसद खेल महोत्सव 2025 ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की नारी शक्ति को एक सशक्त और सम्मानजनक मंच प्रदान किया। सांसद नवीन जिन्दल की सक्रिय भूमिका और खेलों के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए युवा सांसद खेल महोत्सव के आगामी आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है। जिन्दल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आगामी महोत्सव कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र बल्कि खेल विकास का प्रेरक मॉडल बनकर उभरेगा।




### 35 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गईं

सांसद खेल महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत 14 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, रस्सीकूद, रस्साकशी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, तीरंदाजी, खो-खो, हॉकी, निशानेबाजी और बॉडी बिल्डिंग आदि शामिल रहीं। इन खेलों की प्रतियोगिताएं क्षेत्र के कुल 35 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गईं। इस दौरान 200 से अधिक कोच एवं सपोर्ट स्टाफ ने सेवाएं दीं।

## इंद्री-कुरुक्षेत्र रोड पर चलती कार में लगी, जलकर राख



**इंद्री।** इंद्री-कुरुक्षेत्र रोड पर गांव बुढ़नपुर के पास एक चलती कार में आग लग गई।जिसमें कार पुरी तरह से जल गई। गनीमत रही की कार चालक सुरक्षित कार से बाहर निकल गया। कार चालक मोहित ने बताया कि वह इंद्री की ओर से उमरी जा रहा था जैसे ही वह गांव बुढ़नपुर के पास पहुंचा तो अचानक कार में आग लग गई । उसने तुरंत घटना की सूचना इंद्री फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन उस समय तक कार जल चुकी थी। मौके पर पहुंचे फायरमैन संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि इंद्री-कुरुक्षेत्र रोड पर गांव बुढ़नपुर के पास चलती कार में आग लग गई है तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन कार पूरी तरह से जल चुकी थी ।

## खबर संक्षेप

### अध्यापकों व विद्यार्थियों ने बाल दिवस मनाया

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापकों व विद्यार्थियों ने वीर बाल दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। वहीं, अध्यापकों व विद्यार्थियों ने गुरू गोविंद सिंह व उनके साहिबजादे अजित सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादे फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान के लिए उन्हें नमन किया। मौके पर अरदास के पश्चात कढ़हा प्रसाद भी वितरित किया गया।

### तरावड़ी में मुरली रूपी सत्संग का आयोजन



**तरावड़ी।** तरावड़ी लक्ष्मी कालोनी मे स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मुरली रूपी सत्संग का विशेष आयोजन हुआ जिसमें संचालिका सुदेश बहन एवं इंदु बहन ने बताया कि आत्मिक जागृति, पवित्रता और परमात्मा से सच्चे संबंध की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला गया। मुरली में समझाया गया कि मनुष्य जब स्वयं को आत्मा समझकर परमपिता परमात्मा को याद करता है।

# कृषि मंत्री ने 3 घंटे की किसानों संग चर्चा,17 में 15 मांगें कीं पूरी

**किसान संघ ने शेष दो 2 मांगों को भी पूरा करने का दिया आश्वासन, समस्याओं व योजनाओं पर किया मंथन**

### श्याम सिंह राणा ने हरियाणा किसान संघ से जुड़े किसानों संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है और इस प्रदेश के नागरिकों की ही नहीं पूरे देश के अन्न भंडारण में हरियाणा के अन्न दाता किसान का अहम योगदान रहा है।

इसलिए सरकार अन्नदाता किसान की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर रही है। इतना ही नहीं हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलों को न्यूनतम निर्धारित मूल्यों पर खरीदा जा रहा है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को देर सायं सेक्टर 7 में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभागार में हरियाणा किसान संघ से जुड़े किसानों संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने हरियाणा किसान संघ व संगठन मंत्री सुरेन्द्र, प्रदेशाध्यक्ष किसान संघ सतीश चिकारा, राजवीर चौहान, विशाल शर्मा सहित प्रदेश भर से आए किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से किसानों के हित, समस्याओं और मांगों को लेकर करीब 3 घंटे सीधा संवाद किया और इस संवाद के दौरान किसान संघ की तरफ से 17 मांगों को रखा गया।

इनमें से 15 मांगों को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पूरा करने का काम किया। बाकी 2 मांगों को विचार विमर्श के बाद पूरा करने का काम किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के हित के लिए किसान संघ के पदाधिकारियों ने खाद वितरण, जल भराव की निकासी, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य स्कीमों पर, जो सुझाव दिए है उनपर अमल किया जाएगा। उन्होंने कृषि स्टैग योजना का फायदा उठाने के लिए किसानों से अपील की है कि किसान जल्द से जल्द किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं। इसके लिए कृषि विभाग की तरफ से शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीजन के दौरान ट्रांसफार्मर व बिजली की तारों की चोरी को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की डयूटी लगवाई जाएगी।



*किसानों से अपील जल्द किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं*

## युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ करीब डेढ़ साल तक दुष्कर्म किया। जब युवती ने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय युवती ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी फरमान नामक युवक के साथ दोस्ती थी। आरोपी अकसर उससे फोन पर बात करता था।

### पुलिस ने आरोपी पर किया केस दर्ज

आरोपी उससे शादी करने की बात कहने लगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। एक फरवरी 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसके बाद भी आरोपी गत अक्तूबर माह तक उसे शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी फरमान के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पानीपत के गांव कुराड में पुलिस विभाग ने करवाई कबड्डी प्रतियोगिता



**पानीपत।** गांव कुराड में पुलिस अधिकारियों के साथ खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने व पढ़ाई के साथ खेलों में भविष्य बनाने की सोच के साथ गांव कुराड़ में शुक्रवार को कबड्डी प्रतियोगिता करवाई। जिसमें 24 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकि नशा मुक्त अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए युवा वर्ग को नशे के विरूद्ध जागरूक किया। इस अवसर पर टिंकू देशवाल सरपंच गांव कुराड, कपिल देशवाल, सुरेंद्र फौर, सोमवीर फौर, विकास रावल, योगेश कोच, जितेंद्र कोच, मुकुल, सौरभ, एएसआई जगपाल समेत बडी संख्या में कबड्डी प्रेमी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 15279 वाहनों के चालान किए

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं चालू वर्ष में अभी तक पानीपत जिला पुलिस ने हाईवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर चेकिंग अभियान चलाकर 15 हजार 279 वाहनों के चालान किए है। इसमें 5814 ट्रक, 6992 कैंटर, 1574 बस, 11 डंपर हाइवा और 888 अन्य वाहन शामिल है। जबकि विशेष चेकिंग के दौरान के 17 वाहन चालकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत केस दर्ज किया गया। इधर, एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने वालों से सख्ती से निपटा जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की।

**गांव कैल के पास देर रात हादसा**

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से जडौदा निवासी हरदीप की मौत, चालक फरार

**यमुनानगर।** गांव कैल के सरकारी स्कूल के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार गांव जडौदा निवासी 33 वर्षीय हरदीप की मौत हो गई। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था। देर रात काम से घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जडौदा निवासी हरदीप सिंह प्राइवेट नौकरी करता था। वह देर रात काम से बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह गांव कैल के सरकारी स्कूल के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हरदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल हरदीप को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा**

## यमुनानगर में तीन दिन से लापता चल रहे दो लोगों के मिले शव

*एक चांदपुर नाला से और दूसरे का बाल छप्पर के जोहड़ से मिला शव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग अलग स्थानों से तीन दिन पहले अपने घरों से लापता हुए दो लोगों के शव शुक्रवार को पुलिस ने बरामद कर लिए। पुलिस ने दोनों शवों के मामलों में जांच शुरू कर दी। वीणा नगर निवासी रामबीर (50) तीन दिन पहले घर से लापता हो गया था। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि चांदपुर नाला में एक व्यक्ति की शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए पूछताछ की तो उसकी पहचान वीणा नगर निवासी रामबीर के रुप में हुई। मामले की जांच कर रहे गांधी नगर थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि रामबीर के लापता होने की रिपोर्ट पहले ही थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस उस मामले में तलाश कर रही थी। शव मिलने की सूचना के बाद परिजनों को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में जांच शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** अलग अलग स्थानों से मिले शवों के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### जोध सिंह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था

जानकारी के मुताबिक गांव बालछप्पर निवासी जोध सिंह (55) तीन दिन पहले अचानक लापता हो गया था। जिसका शव शुक्रवार को बाल छप्पर के नजदीक जोहड़ में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच कर रहे थाना छप्पर प्रभारी सुमित कांबोज ने बताया कि तीन दिन पहले वह लापता हो गया था और पुलिस ने केस दर्ज किया हुआ था। परिजन उसे ढूंढ रहे थे। जिसका शव आज गांव के ही जोहड में तैरता हुआ मिला। वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

**मौसम बदल रहा** | **शीतलहर का नहीं थम रहा प्रकोप, लोगों की बढ़ी परेशानी**

### ठंड बढ़ने से यमुनानगर का न्यूनतम तापमान पहुंचा सात डिग्री सेल्सियस

# सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर रेंगते हुए चले वाहन

*सुबह 11 बजे के बाद सूर्य के दर्शन होने से लोगों को ठंड से मिली राहत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से मौसम में दिनों दिन ठंड बढ़ने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। शुक्रवार सुबह भी जिले में सुबह ग्यारह बजे तक घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग मौसम में बढ़ी ठंड से ठिठूरते रहे।

इस दौरान सड़कों पर घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की गति कम रही और वह अपने गंतव्यों पर देरी से पहुंचे। वहीं, किसानों ने मौसम में ठंड बढ़ने को गेहूं व सरसों की फसल के लिए लाभदायक बताया है। शुक्रवार को मौसम में ठंड बढ़ने से जिले का तापमान न्यूनतम मात्र सात डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। शुक्रवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बन गई।

सुबह 11 बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। खास बात यह रही कि सुबह के वक्त अधिकांश ट्रेने अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।



**यमुनानगर।** शुक्रवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकपी

जिले में शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### गेहूं व सरसों की फसल के लिए बढ़ी ठंड लाभदायक

किसान राजबीर सिंह, सुखपाल, रविंद्र, कुलदीप, पवन, साहिल व रोशन आदि का कहना है कि मौसम में ठंड बढ़ना गेहूं व सरसों की फसल के लिए काफी लाभदायक है। मौसम में जितनी ज्यादा ठंड बढ़ेगी उतनी ही दोनों फसलों में अच्छी पैदावार होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने सर्दी के मौसम में अभी तक बारिश नहीं होना फसलों के लिए नुक्सानदायक बताया है।

### ठंड के चलते बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

शुक्रवार सुबह ग्यारह बजे तक ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि वीरवार को जिले में सुबह ग्यारह बजे तक जहां घना कोहरा छाया रहा, वहीं, शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

## खबर संक्षेप

### 24 फसलों की एमएसपी खरीद का दावा झूठा



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें हरियाणा को देश का पहला ऐसा राज्य बताया गया है जहां किसानों की 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने इसे किसानों के साथ किया गया भद्दा मजाक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक वर्ष से लगातार यह झूठ फैला रही है कि 24 फसलों को एमएसपी मिल रही है, जबकि सच्चाई यह है कि गेहूं को छोड़कर किसी भी फसल पर किसान को वास्तविक रूप से एमएसपी का लाभ नहीं मिल रहा। धान खरीद के नाम पर हरियाणा में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला हुआ है, जिसमें अधिकारी, आढ़ती और व्यापारी मिलीभगत कर हजारों करोड़ रुपये का गड़बड़झाला कर चुके हैं।

### एसयूसीआई ने रेल किराये में बढ़ोतरी की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने 26 दिसम्बर 2025 से सभी क्लास में जनरल से लेकर एसी तक मनमाने ढंग से और एकतरफा रेलवे किराया बढ़ा दिया है। रेल किराये में यह बढ़ोतरी इस साल दूसरी बार हुई है। यह बढ़ोतरी ज्यादा मैनपावर की मांग को पूरा करने के बहाने की गई है। आज जबकि किराये में इस तरह समय-समय पर बढ़ोतरी एक रिवाज बन गया है, ट्रेन का सफर यात्रियों के लिए एक दुःस्वप्न बना हुआ है। हादसे बढ़ रहे हैं। ट्रेनों का समय पर चलना पुरानी बात हो गई है। रेलों के रखरखाव पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### रात्रि खुला दरबार 30 को गांव थाना में

**कुरुक्षेत्र।** जिला प्रशासन की तरफ से पिहोवा के गांव थाना में राजकीय गर्ल्स मिडिल स्कूल के प्रागंण में 30 दिसंबर 2025 को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही समाधान करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि लोगों की शिकायतों का समाधान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के आदेशानुसार उपमंडल पिहोवा के गांव थाना राजकीय गर्ल्स मिडल स्कूल में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में सभी अधिकारी सायं 4 बजे स्कूल में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

# विद्यार्थियों ने वीर बालकों के बलिदान को किया नमन

### वीर बाल दिवस पर डीएवी पीजी कॉलेज में रैली

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



**करनाल।** वीर बाल दिवस पर डीएवी पीजी कॉलेज में रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और देश के महान वीर बालकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन किया।

कॉलेज के प्राचार्य रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वीर बाल दिवस इतिहास के उन स्वर्णिम पलों की याद दिलाता है, जब बहुत छोटी उम्र में भी देश और धर्म की रक्षा के लिए अद्वितीय साहस का परिचय दिया गया। उन्होंने कहा कि वीर बालकों का जीवन यह सिखाता है कि सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने के लिए आयु नहीं, बल्कि मजबूत संकल्प और साहस की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी पूनम वर्मा ने बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में देशभक्ति, त्याग और कर्तव्य भावना को जागृत करना था। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर आसपास के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः कॉलेज परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर वीर बाल अमर रहें, देश के सच्चे सपूत, शौर्य और बलिदान को नमन जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर बलराम शर्मा, रेखा चौधरी, प्रतिभा राठी, लवनीश बुद्धिराजा सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### साहिबजादों की वीरता और शहादत को किया नमन



*करनाल। श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट करनाल की ओर से वीर बाल दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को ट्रस्ट के महाप्रबंधक गोपीनाथ शर्मा ने रवाना किया। महिला एवं बाल विकास विभाग का रैली में विशेष सहयोग रहा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। रैली में शामिल बच्चों ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की वीरता और शहादत को नमन करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए।*

*गोपीनाथ शर्मा ने कहा कि सात और नौ वर्ष की अल्पायु में धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए दिया गया बलिदान भारतीय इतिहास का अमर अध्याय है, जोहर पीढ़ी को साहस और कर्तव्य की प्रेरणा देता है। ट्रस्ट के प्रधान बलदेव राज सिंगला ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान अनंतकाल तक देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मार्गदर्शन करता रहेगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने कहा कि चार साहिबजादों की विरासत युगों तक समाज को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर कर्णवीर आर्य, अमित शर्मा, अशोक शर्मा, नेहा, सरिता, पूजा और रणधीर सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।*

टास्क फोर्स की बैठक में दिए निर्देश

# अवैध कॉलोनियों को किसी सूरत में न पनपने दें अधिकारी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल


**करनाल।** जिला सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी योगेश कुमार मेहता।

जिले में अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एडीसी योगेश कुमार मेहता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को पनपने न दिया जाए। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और जो लोग बार-बार समझाने के बावजूद नियमों की अवहेलना करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

बैठक के दौरान डीटीपी गुंजन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से डिमोलिशन प्रोग्राम के तहत नवंबर और दिसंबर माह में जिले के कंट्रोल्ड एरिया व अर्बन एरिया में स्थित 13 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 35 अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया गया।

उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों और निर्माणों से जुड़े 16 मामलों में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस विभाग को पत्र भेजा गया है, जबकि 35 मामलों में संबंधित लोगों को रिकवरी नोटिस जारी किए गए हैं। एडीसी ने निर्देश दिए कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान हुए खर्च की वसूली संबंधित तहसीलदारों के माध्यम से शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम प्रदीप कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता, नगर पालिका सचिव, इंफोर्समेंट थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### व्यापारी की कार लूटने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने लूट की वारदात को सुलझाते हुए हथियार के बल पर व्यापारी की कार लूटने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने हथियार के बल पर व्यापारी की कार लूटने के आरोप में संदीप, सूरज उर्फ सोनू व अशोक कुमार वासीयान शिमली जिला रोहतक को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सागर शाह वासी रोहतक कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया पेशे से जलूर्स का काम करता है।

## न्यूज डायरी

### जाट महासभा ने शुरू किया सदस्यता अभियान



**करनाल।** जाट महासभा करनाल द्वारा समाज को संगठित करने और सामाजिक गतिविधियों को मजबूती देने के उद्देश्य से आजीवन सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। जाट महासभा के प्रधान भुपिंद्र लाठर ने बताया कि करनाल में लगातार आजीवन सदस्य बनाए जा रहे हैं। आजीवन सदस्य बनने के लिए आवेदक को दो पासपोर्ट साइज फोटो, दो पहचान पत्र (आधार कार्ड अनिवार्य) तथा निर्धारित राशि का चेक, डीडी या बैंक ड्राफ्ट अपने बैंक खाते से जाट महासभा करनाल के नाम जमा कराना होगा। सदस्यता से संबंधित सभी दस्तावेज जाट महासभा करनाल, सेक्टर-12 पार्ट-2 में जमा कराए जा सकते हैं। भुपिंद्र लाठर ने बताया कि जाट समाज का कोई भी महिला या पुरुष, जिसकी आयु 21 वर्ष या उससे अधिक है, आजीवन सदस्य बनने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जाट महासभा से जुड़कर सामाजिक एकता को मजबूत करने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### काम के घंटे बढ़ाने का फैसला मजदूरों पर हमला : सीटू



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा में काम के घंटे नौ से बढ़ाकर दस करने के निर्णय की सीटू जिला कमेटी करनाल ने कड़े शब्दों में निंदा की है। सीटू कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता बिजनेश राणा ने की, जबकि संचालन जगपाल राणा ने किया। बैठक में बिजनेश राणा, ओपी माटा और जगपाल राणा ने कहा कि यह फैसला मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है और पूंजीपतियों के हित में मजदूरों की मेहनत की लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन महीने में ओवरटाइम की सीमा 50 घंटे से बढ़ाकर 156 घंटे करना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न्यूनतम वेतन संशोधित नहीं कर रही है, जबकि इस विषय पर लंबे समय से बैठकों का दौर चल रहा है। मिड डे मील वर्कर यूनियन के ओम प्रकाश माटा और शिमला देवी ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को शिक्षा निदेशालय पंचकूला कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में नीरू, कविता, सुदेश, मदन कलरा, विक्रम सिंह, कलीराम और मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

### अग्रकुल सेवा संस्था ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल

**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था द्वारा समाज सेवा प्रकल्प के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। प्रकल्प प्रमुख प्रदीप अग्रवाल के विशेष सहयोग से 100 कंबल वितरित किए गए। यह वितरण नई अनाज मंडी, सेक्टर 5 के समीप शनि मंदिर के पीछे तथा बजिदा रोड स्थित झुग्गी बस्तियों में किया गया। संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने कहा कि मानवता की सेवा संस्था का मूल उद्देश्य है और ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा शहर का सर्वे किया गया, जिसमें यह सामने आया कि कुछ परिवारों के पास पर्याप्त वस्त्र भी नहीं हैं।

संस्था के पूर्व प्रधान एसके गोयल के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य किया गया। आगामी दिनों में ऐसे निर्धन परिवारों के लिए ट्रैक सूट वितरित करने की योजना भी बनाई जा रही है। इस अवसर पर रामकुमार गुप्ता, नरेश गर्ग, दीपक गुप्ता और रोशन लाल गुप्ता सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रताप पब्लिक स्कूल ने की सामाजिक सेवा



**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को समझने के उद्देश्य से निर्मल धाम वृद्धाश्रम एवं निर्मल कुटिया गुरुद्वारा का भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों ने पूरे उत्साह और सेवा-भावना के साथ दान सामग्री प्रदान की। निर्मल धाम वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के लिए कपड़े, कंबल एवं खाद्य सामग्री प्रदान की। बच्चों ने वृद्धजनों से बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उनका आशीर्वाद लिया। वृद्धजनों के चेहरे पर बच्चों की सेवा से प्रसन्नता और संतोष दिखाई दिया। बच्चे निर्मल कुटिया गुरुद्वारा पहुँचे, जहाँ निरंतर लंगर सेवा चलती है। विद्यार्थियों ने वहाँ खाद्य सामग्री प्रदान की और सेवा कार्य में सहयोग किया। बच्चों ने गुरुद्वारे में सेवा, समानता और भाईचारे का महत्व समझा। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशका पिथी चौधरी ने बच्चों को सामाजिक सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि च्सेवा और दान से मन शुद्ध होता है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची मानवता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वृद्धजनों का सम्मान और सेवा तथा गुरुद्वारे की सेवा भावना बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सामाजिक सेवा कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, शिक्षाप्रद और मूल्यवर्धक सिद्ध हुआ। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन करता रहेगा।

### अनुबंध कर्मियों ने अर्धनग्न होकर निकाला रोष मार्च



**कुरुक्षेत्र।** अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन ने 1271 कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ने की मांग को लेकर केशव पार्क में धरना देकर बैठे कर्मचारियों ने शुक्रवार को केशव पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक अर्धनग्न होकर रोष मार्च निकाला। इससे पहले एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपायुक्त कुरुक्षेत्र के साथ बैठक भी हुई लेकिन बैठक बेनतीजा रही। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक ने बताया कि उन्हें एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री से मिलाने आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक भी उन्हें मुख्यमंत्री से नही मिलवाया गया। प्रशासन ने उनके साथ वादाखिलाफी की है। वे अपना हक मांग रहे है। अभिषेक ने बताया कि उनकी यात्रा 26 सितंबर से चली हुई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह मांग जायज है। सरकार ने अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ा है। रोहतक पीजीआई में अनुबंध आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ ही भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

## चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को किया नमन



**करनाल।** दून पब्लिक स्कूल व दून इंटरनेशनल स्कूल करनाल में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस पूरी श्रद्धा, आस्था और देशभक्ति के भावों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा शब्द गायन और गुरबानी कीर्तन से हुई, जिससे विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से भर गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने कविशरी के माध्यम से चार साहिबजादों की वीरता और बलिदान की गाथा प्रस्तुत की। दून स्कूल के विद्यार्थी जशनपाल सिंह द्वारा पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट गतका का प्रभावी प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के विशेष संदेश का सीधा प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने विद्यार्थियों को साहस, अनुशासन और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्राचार्या स्वर्णजीत कौर ने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ अध्यापिकाओं रणजीत कौर, प्रीत कौर, रुपिंदर कौर, मनप्रीत सिंह व गीतांजलि गिरधर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाजपा सांसद नरेश बंसल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ तरावड़ी

- विपक्ष दिशाहीन तथा मुद्दाविहिन : बंसल


**तरावड़ी।** भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल के आज भाजपा के जिला प्रवक्ता एवं मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर के आवास पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी तथा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर मुख्य रुप से उपस्थित थे।

नरेश बंसल ने भाजपा के वरिष्ठ साथी के आवास पर पहुचंने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिवादन किए जाने का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश में विपक्ष दिशाहीन तथा मुद्दाविहिन है। नरेश बंसल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत ही नहीं विश्व का सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि राम जन्म भूमि पर राम मंदिर निर्माण से लेकर धारा 370हटाने का जो साहसिक कार्य किया है वस दशकों से लंबित मार्गों का समाधान कर सकें हैं तो वह मोदी जी की दृढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अटल स्मृति वर्ष के रुप में भाजपा ने देश भर में मनाने का निर्णय लिया है ,इसी संदर्भ में वह आज नीलोखेड़ी विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने आए थे।शिव नाथ कपूर के आवास पर उपरोक्त नेताओं सहित प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान,जिला मसामंत्री सुभाष कश्यप,राजबीर शर्मा,जय भगवान सीकरी,तरावड़ी एवं निसिंग के मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप सिंह तथा रोहित राणा,मलखान सिंह,राजेश शर्मा,नवीन कपूर, प्रेम सचदेवा व चमेल सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण को लेकर सरकार कर रही है कार्यः सैनी

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर ध्येय को लेकर सरकार कार्य कर रही है। इस प्रदेश के लोगों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने और आमजन मानस को सहुलियत देने के लिए योजनाएं तैयार कर रही है। सरकार का यह भी लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार की सुबह सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुना। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से विकास कार्यों को लेकर बातचीत की। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कुरुक्षेत्र के साथ-साथ लाडवा हल्का में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी और भावी योजनाओं पर प्रशासन की तरफ से किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया।

### लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश



**करनाल।** जिला सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में समाधान शिविरों में आई शिकायतों और लंबित मामलों की समीक्षा की।

उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में एक अधिकारी की विशेष जिम्मेदारी तय की जाए, जो सभी विभागों से शिकायतों के निवारण की रिपोर्ट नियमित रूप से प्राप्त करे और यदि किसी स्तर पर समस्या आती है तो उसका समाधान भी सुनिश्चित करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए, ताकि आम जनता को प्रभावी और समयबद्ध राहत मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आई शिकायतों का कम से कम रिजेक्शन किया जाए। जिन शिकायतों का निवारण हो चुका है, उनमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, ताकि शिकायत दोबारा रि-ओपन न हो। एडीसी योगेश कुमार मेहता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा करने को कहा। उन्होंने राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित अन्य विभागों को भी लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नगराधीश मोनिका, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, डीडीपीओ कंचन लता, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इंद्री में किया शहीद उधम सिंह जयंती समारोह का आयोजन

# निफा के सहयोग से लगाए शिविर में 125 ने किया रक्तदान

- शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री


**इंद्री।** रक्तदाताओं को बैच लगाते आयोजक ।

शहीद उधम सिंह समिति द्वारा नगर पालिका इंद्री के प्रांगण में हर वर्ष की भांति शहीद उधम सिंह की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी वर्ग, धर्म व सियासी दलों के नेताओं ने शहीद के चरणों में पुष्प अर्पित कर एकता की मिसाल पेश की। इस मौके पर सियासी दलों, सभी बिरादरी, संगठनों व धर्मों के लोगों ने एकजुट होकर शहीद को नमन किया। इस समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह ने की। इस अवसर पर निफा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 125 युनिट रक्त एकत्रित किया गया । शहीद उधम सिंह की जीवनी पर गीत की प्रस्तुति से उपस्थित जनों में जोश भर गया। समारोह हवन-यज्ञ और पूजन के साथ शुरू हुआ और शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण पर कार्यक्रम का समापन हुआ। हवन-यज्ञ पंडित राजेश शर्मा ने विधि विधान से कराया। समारोह को संबोधित करते हुए शहीद उधम सिंह समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह निर्मल ने कहा कि शहीद उधम सिंह समिति द्वारा शहीद की जयंती समारोह का आयोजन कर उन्हें नमन करने का सिलसिला पिछले 20 वर्षो से चल रहा है। इस अवसर पर शहीद उधम सिंह की जीवनी पर गीत की प्रस्तुति से उपस्थित जनों के मन में जोश भर गया। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह का जीवन संघर्ष से भरा हुआ है जिस ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर लोगों में देश प्रेम की प्रेरणा का संचार किया है । उन्होंने कहा कि समिति शहीद उधम सिंह की जीवनी पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने तथा उनके नाम पर प्रमुख सार्वजनिक स्थानों के नाम रखने की मांग करती है ताकि उनके जीवन से देशवासियों के मन में आपसी एकता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती रहें। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भीम सेन मैहता, निफा के प्रदेशाध्यक्ष सरवन शर्मा, मार्किट कमेटी चेयरमैन महेंद्र पंजोखरा, नपा प्रधान राकेश कुमार, हरियाणा कांबोज सभा के प्रधान सुमेर कांबोज, डॉ.सुरेन्द्र शर्मा, समय सिंह कांबोज, जसबीर राजेपुर, सुमेर चंद मुरादगढ. धर्मपाल शांडिल्य, प्रदीप कांबोज, आदि मौजुद रहें ।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

*करनाल। शिरोमणि शहीद उधम सिंह की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) करनाल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उधम सिंह चौक पर एकत्र होकर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पराग गाबा ने कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान केवल स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा नहीं, बल्कि आज भी देश की आत्मा की आवाज है। जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेकर उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष की अमर मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि महान शहीदों के त्याग और बलिदान को भुलाकर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करना स्वीकार्य नहीं है। आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा सबसे बड़ी चुनौती है और इसके लिए युवाओं को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि शहीद उधम सिंह के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### समस्याओं को हल करने में देरी न करें अधिकारी

**पानीपत।** हरियाणा सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने शुक्रवार को समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की स्थिति को लेकर पानीपत प्रशासन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि समाधान शिविरों में शिकायतकर्ताओं द्वारा दी जा रही समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण वाला समाधान करने के निर्देश दिए।

### युवाओं ने रक्तदान की ली शपथ

**पानीपत।** पानीपत के रेडक्रास भवन, पानीपत में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 300 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई। वहीं, सचिव गौरव राम करण ने बताया कि रेडक्रास सोसाइटी के भवन में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को नशे की लत से दूर रहने व रक्तदान करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर कला भारद्वाज, प्रदीप, मनोज, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

### वीर शाहिबजादों को किया नमन

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में वीर बाल दिवस पर अध्यापिकाओं व छात्राओं ने गुरू गोविंद सिंह व उनके साहिबजादे अजित सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादे फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्राचार्या डॉक्टर सुमन लता ने छात्राओं को वीर बाल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज प्रोफेसर पूनम कादियान ने छात्राओं के साथ देशभक्ति के नारे लगाए और गीत गाए।

### छात्रों का हेरिटेज इंडिया टूर 30 को

**समालखा।** नए बरस 2026 का स्वागत सतिंदर सिंह सरताज के रूहानी गीतों से होगा। गायक, गीतकार, कवि एवं अभिनेता सतिंदर सिंह सरताज पानीपत में हेरिटेज इंडिया टूर पर आ रहे हैं। 30 दिसंबर को शाम सात बजे समालखा में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी के ग्राउंड में सतिंदर सिंह सरताज के गीतों की शाम सजेगी।

### वीर शाहिबजादों के बलिदान को किया नमन

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में वीर बाल दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को साहिबजादों के महान बलिदान की गाथा सुनाई गई। इस अवसर पर स्कूल मैनेजर संजीव जैन, प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने कहा कि बच्चों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जुडने के लिए जैन किड्स स्कूल हमेशा प्रयासरत रहता है, ताकि बच्चें मानसिक व आध्यात्मिक रूप से मजबूत बना सके।

### तनाव मुक्ति के लिए छात्रों को जागरूक किया

**समालखा।** हिमगिरी पब्लिक स्कूल में तनाव, ध्यान, जल संरक्षण, नशा एवं आपदा से निपटने के उपाय विषय पर जागरूकता आधारित काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया। वहीं, मुख्य वक्ता रणबीर कुंडू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ददलाना विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### सट्टेबाजी का विरोध करने पर युवक की हत्या

**पानीपत।** पानीपत की खटीक बस्ती में 38 वर्षीय विक्रम नाम के युवक की शुक्रवार के देर रात कई लोगों चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मर्तक के भाई संजय का आरोप है कि खटीक बस्ती में स्थित धर्मशाला की दुकानों में कई लोग जुआ खिलाते और सट्टेबाजी करवाते हैं। वहीं विक्रम, धर्मशाला में गलत कार्यों का विरोध करता था, इसके चलते ही शुक्रवार की देर रात धर्मशाला के पास विक्रम की हत्या कर दी गई है।

## वीर साहिबजादों का बलिदान नहीं भूलेगा हिंदुस्तान : दुष्यंत

# भाजपाइयों ने वीर साहिबजादों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- आज वीर साहिबजादों और दशम पिता के प्रति श्रद्धा, सम्मान और शुक्राना करने का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत।



पानीपत। भाजपा कार्यालय में वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि देते जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत पर 'वीर बाल दिवस' पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट कहा कि समूचे राष्ट्र ने सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए 'वीर बाल दिवस' मनाया है। जबकि कार्यक्रम में मुख्यातिथि सरदार हरचरण सिंह धम्मू ने कहा कि भारत के संतों ने अपने बलिदान देकर दुनिया को मानवता का संदेश दिया है। वहीं, आज वीर साहिबजादों और दशम पिता के प्रति श्रद्धा, सम्मान और शुक्राना करने का दिन है। भारत के दो साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ़तेह सिंह के बलिदान जैसी दूसरी कोई घटना विश्व इतिहास में नहीं मिलेगी। आज सारे विश्व में धर्म प्रेमी जहां शोक मना रहे हैं वहीं यह घटना हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय भी है। इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक को इस घटना से प्रेरणा लेते हुए पूरी देश भक्ति, राष्ट्रवाद और देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर स. भूपेंद्र सिंह सग्गू, स. भूपेंद्र सिंह (जॉनी), स. देवेंद्र मक्कड़, स. हरपाल सिंह, स. अर्जुन सिंह, ओमदत आर्य आदि उपस्थित रहे।

## विधायक प्रमोद ने एसडी माडर्न स्कूल सड़क के निर्माण का शुभारंभ किया



पानीपत। विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल सैनी का स्वागत करते हुए पार्षद आदि।

*पानीपत। पानीपत के किला चौक से एसडी मॉडर्न स्कूल तक सडक निर्माण का शुभारंभ शहर विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल सैनी ने किया। वहीं वार्ड नौ के पार्षद नवल जिंदल ने बताया कि इस सडक के निर्माण पर 88 लाख 33 हजार रूपये का खर्च आएगा। जिसमें दो चौकों का भी निर्माण होगा। जबकि बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था व पीने के पानी के लिए नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। वहीं, विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पानीपत का गुणवत्ता वाला विकास करवाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता वेद पाराशर, प्राण रत्नाकर, नवल जिंदल, संजय वर्मा, अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान काकू बंसल आदि रहे।*



पानीपत। राष्ट्रीय स्तरीय एनएसएस कैंप में अतिथियों के साथ विभिन्न राज्यों के स्वयं सेवी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय स्तरीय एनएसएस कैंप जारी, असम व महाराष्ट्र के स्वयं सेवकों ने अपने प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

- कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कॉर्डिनेटर सुनील कुमार व मंच संचालन विपिन कुंडू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्टेट फ़ार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू पौड़िया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कॉर्डिनेटर सुनील कुमार व मंच संचालन विपिन कुंडू ने किया। वहीं, टीपू ने देश भर से आए स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने छात्र जीवन में मेहनत करनी सीख ली वो इंसान जीवन में कभी असफल नहीं होता। जबकि स्वास्थ्य विभाग के डॉ शिव कुमार ने टीबी रोग से बचाव व रोकथाम व नशे के विरूद्ध जागरूक गया। इधर, जिला प्रधान हसला पानीपत व कार्यक्रम अधिकारी अजेंद्र कुंडू ने बताया कि शिविर में देश भर से स्वयं सेवी विद्यार्थी भाग ले रहे है। वहीं शुक्रवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में असम और महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य व गायन से अपनी संस्कृति को सांझा किया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह स्कूल निदेशक मनोज धमीजा, पवन गौतम, शीशपाल, रणदीप सिंह, नरेश कुमारी, संदीप कुमार, सुनीता, दीप्ति मलिक, सोनिया हुड्डा, प्रदीप मलिक, मनोज धनख़ड, राजूराम, धनप्रकाश, सुरेंद्र राठी, बलराज सिंह मौजूद रहे।*

# पांचाल सभा ने संत हरिओम महाराज का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

**धर्म की राह पर चलने की शिक्षा देते है संत-विनोद**




पानीपत । में पांचाल समाज के गणमान्य नागरिक संत हरिओम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला पांचाल सभा के द्वारा शुक्रताल की हरिओम कुटिया से पधारे संत हरिओम महाराज को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा पांचाल सामुदायिक केंद्र में पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, वाइस चेयरमैन सोमपाल पांचाल, प्रधान इसम पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र पांचाल, रविंद्र मंडावर, रतन लाल, जितेंद्र पटवा, बबलू पांचाल, राजेंद्र फौजी व मोहन लाल शामिल रहे। दूसरी ओर, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा की बैठक श्री विश्वकर्मा मंदिर हरि सिंह कॉलोनी वार्ड नंबर दो में प्रधान इसम पांचाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभा के चुनाव करवाने बारे विचार विमर्श हुआ। बैठक में पांचाल समाज के जिला प्रधान विपिन पांचाल व डा.इंद्रपाल पांचाल को सर्व समिति से चुनाव अधिकारी बनाया गया।

## स्कूल से चोरी करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** गांव भोगपुर में स्कूल का ताला तोड़कर सामान चुराने वाले आरोपी चोर को व्यासपुर पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से सामान बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव जफरपुर निवासी मलूक सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका गांव भोगपुर में स्कूल है। 23 दिसंबर को वह अपने स्कूल को बंद करके घर चला गया था। अगले दिन 24 दिसंबर को जब वह स्कूल आया तो उसने देखा कि उसके ऑफिस का दरवाजा टूटा हुआ था। टीम ने सीसीटीवी तथा तकनीकी आधार पर जांच करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव जंगु माजरी भोगपुर निवासी रोहित उर्फ लाड़ी के रूप में हुई।

# स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने स्लोगन लिख शहीदों को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

**वीर शाहिबजादों के बलिदान से लें प्रेरणा**



पानीपत । आर्य कॉलेज के विद्यार्थी साहिबजादों की याद में स्लोगन का प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस सेल द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए स्लोगन/शब्द लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, कॉलेज के प्राचार्य जगदीश गुप्ता ने बताया कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा मुगलकालीन अत्याचारों के विरुद्ध धर्म एवं मानवता की रक्षा में दिए गए अद्वितीय बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस युवाओं को साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा दुडेजा व आस्था गुप्ता ने कहा कि साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह , साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने समुदाय के सम्मान और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हमें उनके बलिदानों को सदैव स्मरण करते हुए एकजुट रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. पंकज चौधरी, रजनी शर्मा, बलराज आदि उपस्थित रहे।




यमुनानगर। कस्बा रादौर के गांव पोटली में जानकारी देते भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## सीएम के आश्वासन के बाद भी प्रशासन नहीं दे रहा कोई जवाब : गुर्जर

*रादौर। भारतीय किसान यूनियन पिछले 4 महीने से गांव पोटली में रास्ते की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। शुक्रवार को भी भारतीय किसान यूनियन ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की। गुर्जर ने बताया कि किसान यहां अपना रास्ता और अपने हक की लड़ाई लडने के लिए धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हाईवे के अधिकारी प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को दो दिन मे किसानो का रास्ता लगाने की बात कही थी। लेकिन आश्वासन के बाद भी आज तक उन्हें कोई प्रशासन की तरफ से कोई जवाब नही मिला। इसी को लेकर किसानो का एक शिष्यमंडल उपायुक्त को मिलेंगा।*

# नेशनल कराटे में एमजेआर एकेडमी के खिलाडियों ने जीते 37 मेडल

- विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत।



पानीपत। एमजेआर एकेडमी के विजेता खिलाडी कंवर रविंद्र सैनी के साथ।

नौवीं नेशनल वाडो कराटे चैंपियनशिप का आयोजन मुल्तान भवन, मॉडल टाउन में हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं, कोच मुकेश सरोहा ने बताया कि एमजेआर एकेडमी के खिलाडियों 11 स्वर्ण, 15 रजत व 11 कांस्य पदक जीते। जिसमें स्वर्ण पदक जीतने वालों में रोशनी, चाहाना, रिया, अर्पण, देव, हर्षिता, युग सरोहा, प्लाक्षा, अवनी, मायरा व अंशुल सरोहा शामिल हैं। जबकि रजत पदक यश सरोहा, मानवी, देवांशी, मानवी सैनी, अथर्व वर्मा, ऋ षभ, यश, अनिकेत, अनुष्का, अर्पिता, कार्तिक, अमन, आश्मन, राजन, कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी अक्षत, मुस्कान, प्रियांशी, इशिका, पूर्वी, राशि, खुशी, समर्थ, आयान, देवांश व लीना अरोड़ा हैं। वहीं सभी खिलाड़ियों का कंवर रविंद्र सैनी आदि ने स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## एडीजीपी ने जब्त मादक पदार्थों की जांच की



पानीपत। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) करनाल मंडल, डॉ, एम रवि किरण शुक्रवार को पानीपत पहुंचे और उन्होंने पुलिस लाइन स्थित जुडिशियल मालखाना में रखी एनडीपीएस एक्ट मामलों में बरामद केस प्रॉपर्टी की चेकिंग की। चेकिंग करने के बाद सील लगाई। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पानीपत पुलिस द्वारा 31 मामलों में बरामद किया गए नशे पदार्थों को नष्ट किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, जुडिशियल मालखाने की भी जांच की गई। जल्द ही मादक पदार्थों की खेप को पुलिस विभाग द्वारा तय स्थल पर नष्ट किया जाएगा।




यमुनानगर। कस्बा रादौर के मून स्टार प्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## मून स्टार प्री स्कूल में बाल दिवस मना साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि

**रादौर।** मून स्टार प्री स्कूल में शुक्रवार को वीर बाल दिवस का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों ने मूल मंत्र का जाप किया व बोले सो निहाल के जयकारे लगाकर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व उनके चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, बाबाजोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी व उनके पोतों की शहीदी के इतिहास बारे बताया। रसमीन कौर ने बताया कि गुरु जी ने सत्य, धर्म, आत्मसम्मान और देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। विद्यार्थियों को चार साहिबजादो के जीवन से शिक्षा लेने के लिए भी बताया कि उन्हें भी अपने माता-पिता, गुरुओं का आदर करना चाहिए। विद्यालय की को.ऑर्डिनेटर रितु देवी ने भी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की व विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर नीतू, सिमरन, अन, निशा, दीपिका, नेहा, सोनिया, शिवानी, मीनू आदि रहे।

**दरियादिली** सर्दी में जरूरतमंदों की सहायता सर्वोपरी

# जरूरतमंद छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए जूते बांटे

- जूते पाकर खिले जरुरतमंद बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। राजकीय स्कूल गांव नांगल खेडी में विद्यार्थियों को जूते भेंट करती डॉ.शीतल बेनीवाल। फोटो : हरिभूमि

बेनीवाल एस्टेट एल्डको पानीपत के संचालक व समाजसेवी राजकुमार बेनीवाल की पुत्री डॉ.शीतल बेनीवाल, रेनु बेनीवाल और अंकित बेनीवाल ने राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला गांव नांगल खेड़ी के जरूरमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए जूते भेंट किए। वहीं, राजकुमार बेनीवाल ने बताया कि डॉ शीतल आर्टिस हॉस्पिटल में डॉक्टर है और दूसरी बेटी ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रही है। उनके परिवार की इच्छा है कि ऐसे बच्चों की सहायता करें जोन धन के अभाव में पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। स्कूल के मुख्य शिक्षक जयदीप और स्टाफ सदस्यों ने बेनीवाल परिवार का धन्यवाद किया।

**न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत**

सुनील पुत्र श्री हरबंसलाल निवासी मकान नम्बर 69बी आजाद नगर पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक।

हर आम व खास को सूचित किया जाता है सुनील पुत्र श्री हरबंसलाल निवासी मकान नम्बर 69 बी आजाद नगर पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता हरबंसलाल पुत्र श्री प्यारा लाल की दिनांक 15/5/2007 को मृत्यु ही चुकी है मृतक हरबंसलाल की माता लाजवन्ती काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। यह कि हरबंसलाल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गए हैं हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद बबलू कुमार वार्ड-18 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-
1- सोमा रानी पत्नी 2- सुनील लड़का 3- सोनिया लड़की 4- मोनिका लड़की 5- दीपिका लड़की 6 स्वीटी लड़की
मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इनके इलावा मृतक हरबन्स लाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा !
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 23.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत**

अनुराधा (पत्नी श्री आशीष बतरा) पुत्री श्री ज्योति प्रकाश मैहता निवासी 255,-एल, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अनुराध (पत्नी श्री आशीष बतरा) पुत्री श्री ज्योति प्रकाश मैहता निवासी 255,-एल, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक आनंद मेंहदीरत्ता पुत्र श्री हरनाम दास का दिनांक 21.01.1986 को देहान्त हो गया है। आनंद मेंहदीरत्ता पुत्र श्री हरनाम दास के देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस हैं 1. ज्योति प्रकाश (पुत्र) ही वारिस है इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। यह कि मृतक की माता श्रीमति राम देवी व पत्नी श्रीमति सुशीला रानी का अरसा पहले देहांत हो चुका है। यह कि वारिस नं0 1 ज्योति प्रकाश पुत्र श्री आनंद मेंहदीरत्ता का दिनांक 12.02.2018 को देहांत हो चुका है। यह कि वारिस नं0 1 ज्योति प्रकाश पुत्र श्री आनंद मेहदीरत्ता के देहांत के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस हैं 1. पुष्पा (पत्नी) 2. अनुराधा (पुत्री) 3. मनु स्मृति (पुत्री) 4. नीरू (पुत्री) ही वारिस है इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। लोकेश नागरू पार्षद वार्ड न0 20 नगर निगम पानीपत व सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।
उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक आनंद मेंहदीरत्ता पुत्र श्री हरनाम दास का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व० मृतक आनंद मेहदीरत्ता पुत्र श्री हरनाम दास के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया

**अंबाला।** बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट ने की। वीर बाल दिवस के अवसर पर ऑब्जर्वेशन होम के साथ-साथ अन्य पंजीकृत बाल देखरेख संस्थानों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे

**अंबाला।** जिला राजस्व अधिकारी राजेश ख्यालिया ने बताया कि सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में सभी तहसीलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित निपटान, इंतकाल संबंधी कार्य, भूमि अभिलेखों का अद्यतन एवं अन्य राजस्व कार्यों में तेजी लाना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन विशेष शिविरों का लाभ उठाएं और इंतकाल संबंधी कार्य समय पर करवाएं।

### तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए नारायणगढ़ ने तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपी गुरबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता गुरचरण सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसके बेटे को अवैध तरीके से विदेश भेजने के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की थी।

### 145 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र के जीत ढाबा, देवी नगर के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सुखजीत सिंह उर्फ सुक्खा को 145 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शंभू टोल से अजीत ढाबा की ओर गाड़ी में सवार होकर मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। नाकाबंदी के दौरान उसे काबू कर लिया गया। जांच के दौरान हेरोइन भी बरामद की गई।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मनप्रीत उर्फ गुगी को गिरफ्तार किया है। बिहटा निवासी संदीप कुमार ने 16 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 जुलाई 2025 को गांव से ट्यूबवेल की केबल चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की।

### स्नेचिंग का आरोपी दो दिन के रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी कमल और अंजीप को गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गुरलाब सिंह ने 25 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 दिसंबर 2025 को जग्गी सिटी सेंटर के पास से उसका मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया गया था। पुलिस ने मामले में जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### पेयजल को तरस रहे दो कॉलोनियों के लोग

**अंबाला** । नहरी पानी की पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद छावनी के महेशनगर स्थित दयालबाग और वशिष्ठ नगर में रहने वाले लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कभी गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है तो कभी पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विभाग द्वारा 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। कभी गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है तो कभी पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

---

*मामले में पुलिस को केस दर्ज करने के निर्देश*

# मंत्री विज ने महेशनगर में व्यक्ति की दुकान में आग लगाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में लिया कड़ा संज्ञान

- मंत्री ने दो टूक-क्षेत्र में किसी भी कीमत पर गुंडागर्दी नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने महेशनगर में एक व्यक्ति की दुकान में आग लगाने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने महेशनगर थाना पुलिस को मामले में तुरंत केस दर्ज करने के निर्देश देते हुए कहा कि जब पीड़िता आरोपियों के नाम स्पष्ट रूप से बता रही है, तो



अंबाला । अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते ऊर्जा मंत्री अनिल विज।

अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मंत्री ने दो टूक कहा कि वे क्षेत्र में किसी भी कीमत पर गुंडागर्दी नहीं होने देंगे। शुक्रवार को मंत्री अनिल विज अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान महेशनगर निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसकी महेशनगर में प्रिंटिंग प्रेस की दुकान है, जिसे कुछ ही दिनों में खाली किया जाना था। इसी बीच कुछ लोगों ने उसके पति को धमकाया और बाद में दुकान में आग लगा दी। महिला की शिकायत पर मंत्री ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार चंद्रपुरी निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसकी दो बेटियां हैं और उसका पति उसके साथ लगातार मारपीट करता है तथा घर से निकालने की धमकियां देता है। इस पर मंत्री ने मौके पर मौजूद पड़ाव थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सेना में अनुबंध पर कार्यरत लगभग डेढ़ सौ कर्मचारियों ने भी मंत्री अनिल विज से अपनी समस्या रखी। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से स्टेशन हेडक्वार्टर में विभिन्न पदों पर अनुबंध के आधार पर कार्यरत है।

**श्रम विभाग को कार्रवाई के निर्देश**

इसके अलावा डिफेंस कॉलोनी में कार्यरत एक महिला ने फर्म मालिक द्वारा डेढ़ माह का वेतन न देने की शिकायत की, जिस पर श्रम विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बब्याल निवासी व्यक्ति ने रामगढ़ माजरा में जमीन की पैमाइश न होने तथा हरि नगर निवासी व्यक्ति ने घर पर टॉवर लगाए जाने का विरोध होने सहित अन्य शिकायतें भी रखीं, जिन पर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अंबाला छावनी के एकता विहार निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसने अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी फेस-3 में कुछ वर्ष पहले प्लाट खरीदा था। अब निर्माण कार्य शुरू करने पर कुछ लोग उसे धमकियां दे रहे हैं और मारने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने इस मामले में भी महेशनगर थाना एसएचओ को केस दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

---

## वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# छोटे साहिबजादों की शहादत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

आंगनबाड़ी केंद्र गणेशपुर में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया और साहिबजादों की शहादत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी सिंह ज्ञानी हरभजन सिंह जी ने साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी की शहादत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के बड़े पुत्रों ने मुगलों का डटकर मुकाबला किया और युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त हुए, जबकि छोटे साहिबजादों ने अत्याचार के आगे झुकने से इनकार कर दिया, जिसके कारण मुगलों ने उन्हें दीवारों में जीवित चुनवा दिया। उन्होंने कहा कि बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। साथ ही माता गुजरी जी के सर्वोच्च बलिदान को भी स्मरण




शहजादपुर। साहिबजादों को नमन करते हुए श्रद्धालु।

किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 से प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को चारों साहिबजादों की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी वर्कर पलविंदर कौर ने उपस्थित संगत का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर मनप्रीत कौर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (प्रथम) मनीषा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर अमरजीत कौर, नसीब कौर, ज्योति, ममता देवी, नीलम रानी, रेखा रानी, बलजिंदर कौर, कुलवंत कौर तथा हेल्पर शारदा रानी व बलविंदर कौर भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की समाप्ति ग्रंथी सिंह द्वारा अरदास के साथ की गई तथा साहिबजादों की शहादत की स्मृति में चाय का लंगर लगाया गया।

**साहिबजादों का बलिदान हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा**



**अंबाला।** श्रम मंत्री अनिल विज ने वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादों के अदम्य साहस को नमन किया। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों ने कम उम्र में ही धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अत्याचार के आगे झुकने के बजाय सर्वोच्च बलिदान दिया। छोटे साहिबजादों को दीवारों में जीवित चुनवा दिया गया, जबकि बड़े साहिबजादे युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान साहस, स्वाभिमान और धार्मिक दृढ़ता का अमर संदेश है, जो हर पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। वीर बाल दिवस के अवसर पर मंत्री अनिल विज ने जगाधरी रोड पर रामपुर सरसेहड़ी मोड़ के निकट भाजपा नेता जसबीर सिंह एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए लंगर में सेवा की। इससे पहले उन्होंने श्रद्धापूर्वक साहिबजादों को नमन किया। मंत्री ने लंगर स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वयं लंगर वितरित किया। भाजपा नेता जसबीर जस्सी के अलावा सुदर्शन सिंह सहगल, वरिंद्र सिंह, श्याम सुंदर अरोड़ा, आरती सहगल, फकीरचंद सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साहिबजादों के बलिदान को किया नमन





पंचकूला। सिल्वर सिटी में शुक्रवार को छोटे साहिबज़ादों के बलिदान को नमन किया गया। सभी ने एकजुट होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महिंदर पाल सिंह के परिवार, हरिंदर सिंह एवं गुरिंदर सिंह द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने सहयोग और एकजुटता के लिए सभी का हृदय से धन्यवाद किया।

## 400 मीटर दौड़ में जटवाड़ की स्नेहा प्रथम



**शहजादपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। 300 मीटर दौड़ में कसौंधी की मुस्कान प्रथम तथा नाजिया द्वितीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में जटवाड़ की स्नेहा प्रथम, टीना (पतरेहड़ी) द्वितीय एवं सुमन (बड़ी बस्सी) तृतीय स्थान पर रहीं। साइकिल रेस में गुरमीत (खुर्द) प्रथम, गुलशन (रछेड़ी) द्वितीय व शिवानी (घडोली) तृतीय रहीं। 100 मीटर चाल में मंजू प्रथम, नीरू (पतरेहड़ी) द्वितीय व ममता तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में नीरू (पतरेहड़ी) प्रथम, परमजीत (चतान) द्वितीय व रूपा (चतान) तृतीय रहीं। म्यूजिकल चेयर में परमजीत (चतान) प्रथम, नीरू (पतरेहड़ी) द्वितीय व रेखा (गणेशपुर) तृतीय रहीं। विजेताओं को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में सुपरवाइजर अरविंदर कौर, मनप्रीत कौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा पीटीआई राजकुमार, नरेश व संदीप सिंह का सहयोग रहा।

---

# छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में शुक्रवार को सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस वालंटियर्स द्वारा एनएसएस गीत एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए शिविर की थीम डिजिटल लिटरेसी फॉर यूथ के



बराड़ा । कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्कूली बच्चे।

महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने एनएसएस के उद्देश्य, महत्व तथा शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली सात दिवसीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन नरेंद्र कुमार ने किया।

शिविर के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के आईओएलएम गुरप्रीत सिंह ने डिजिटल लिटरेसी फॉर यूथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गूगल जेमिनी तथा ऑनलाइन पेमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। इसके उपरांत सभी एनएसएस वालंटियर्स को डिजिटल साक्षरता से संबंधित टास्क दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मंच के माध्यम से दो-दो मिनट में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में वालंटियर्स ने खेल गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में डिजिटल जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना बताया गया।

# इक हसीन शाम का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बाला

अम्बाला छावनी,26 दिसम्बर :- गुदगुदी जंक्शन समूह अम्बाला द्वारा भव्य संगीतमयी कार्यक्रम इक हसीन शाम की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम के संदर्भ में शुक्रवार को सदर बाजार स्थित प्रभारी राकेश आहूजा के प्रतिष्ठान में बैठक हुई। जानकारी देते हुए कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि म्यूजिकल कार्यक्रम /"इक हसीन शाम/"... को लेकर समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में सभी पदाधकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई। म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के तीसरे स्थापना दिवस और शहंशाह-ए-तरन्नुम मोहम्मद रफ़ी व अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति में म्यूजिकल कार्यक्रम /"इक हसीन शाम/"...28 दिसम्बर को अम्बाला क्लब में दोपहर 2 से सांय 6 बजे तक होगा। यह आयोजन कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र धीमान के निर्देशन में होगा जिसमें अम्बाला,कुरुक्षेत्र,लुधियाना और चंडीगढ़ आदि नगरों के 20 गायक मोहम्मद रफी द्वारा अभिनेता धर्मेंद्र के लिए गाए गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में कला मंच अम्बाला के प्रधान सुरेन्द्र सहगल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।



**ये रहे मौजूद**

अम्बाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख इंद्र परुथी,कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र धीमान,अम्बाला कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा,राजेश आहूजा,ऋषभ और अदम्यवीर आदि शामिल हुए।

---

# वीर बालकों का जीवन विद्यार्थियों के लिए त्याग, साहस-धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण

- जीएमएन कॉलेज में वीर बाल दिवस पर सामूहिक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बाल

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, विचार-विमर्श की क्षमता तथा अभिव्यक्ति कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंजाबी विभाग, वीमेन सेल तथा संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक चर्चा एवं पीयर सर्किल गतिविधि का आयोजन बड़े सम्मान एवं उत्साह के साथ किया गया।

वीर बाल दिवस सिख इतिहास के महान वीर बालकों—साहिबजादे अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा साहिबजादा फतेह सिंह—की अद्वितीय वीरता, बलिदान एवं धर्म के प्रति अटूट आस्था को स्मरण करने हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों, साहस तथा सामाजिक चेतना की भावना को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि वीर बालकों का जीवन विद्यार्थियों के लिए त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम की संयोजक पंजाबी विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर राजविंदर कौर रहीं, जबकि सह-संयोजक के रूप में संगीत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मनजीत कौर तथा वीमेन सेल की संयोजिका सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजित सामूहिक चर्चा एवं पीयर सर्किल गतिविधि में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा विषय से संबंधित अपने विचार तार्किक, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की संयोजक पंजाबी विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर राजविंदर कौर रहीं, जबकि सह-संयोजक के रूप में संगीत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मनजीत कौर तथा वीमेन सेल की संयोजिका सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में जनसंचार एवं मीडिया विभाग के सहायक प्रोफेसर राजिंदर मीरवाल तथा संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रियंका भी उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

---

**समस्या** | **ठंड में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार**

*मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ-साथ वंदे भारत और शताब्दी एक्सप्रेस भी हो रहीं प्रभावित*

# कोहरे की वजह से ट्रेनों की रफ्तार थमी, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

घने कोहरे के कारण एक बार फिर जनजीवन प्रभावित हुआ। इसका सीधा असर आमजन की जीवनरेखा कही जाने वाली रेल सेवाओं पर भी पड़ा। मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ-साथ वंदे भारत और शताब्दी एक्सप्रेस भी कोहरे के कारण प्रभावित रहीं। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर आने वाली करीब 27 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा, जिससे यात्रियों को भीषण ठंड में स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ा।

ट्रेनों के देरी से पहुंचने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री



प्लेटफार्म पर अलाव व प्रतीक्षालयों का सहारा लेते नजर आए। ये ट्रेनें रहीं देरी सेः ट्रेन संख्या 04693 मडगांव–अमृतसर 7 घंटे 30 मिनट, 14673 जयनगर–अमृतसर 5 घंटे 30 मिनट, 12311 हावड़ा–कालका नेताजी एक्सप्रेस 5 घंटे 40 मिनट, 12498 अमृतसर–नई दिल्ली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस 4 घंटे 30 मिनट तथा 22477 नई दिल्ली–कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस 1 घंटा 20 मिनट की देरी से पहुंची। इसी प्रकार 22355 पाटलिपुत्र–चंडीगढ़ एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस 30 मिनट, 04695 बांद्रा–अमृतसर 1 घंटा 40 मिनट, 12715 नांदेड़–अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट, 15933 न्यू तिनसुखिया–अमृतसर 1 घंटा 40 मिनट, 14679 दिल्ली–अमृतसर एक्सप्रेस 1 घंटा 20 मिनट और 12903 बांद्रा–अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल 20 मिनट देरी से पहुंची।

**ये रेलगाड़ियां पहुंची लेट**

इसके अलावा 15211 दरभंगा–अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 1 घंटा, दिल्ली–फाजिल्का एक्सप्रेस 30 मिनट, 22487 दिल्ली–अमृतसर एक्सप्रेस 20 मिनट, 14507 दिल्ली–फाजिल्का एक्सप्रेस 20 मिनट, 14816 ऋषिकेश–श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 20 मिनट, 64512 अंब अंदौरा–हरिद्वार 1 घंटा, 12238 जम्मूतवी–वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 30 मिनट, 12920 कटरा–डॉ. आंबेडकर नगर मालवा एक्सप्रेस 30 मिनट, 14521 दिल्ली–अंबाला कैंट एक्सप्रेस 1 घंटा, 14681 दिल्ली–जालंधर सिटी एक्सप्रेस 50 मिनट, 14661 बाड़मेर–जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस 20 मिनट, 18101 टाटानगर–जम्मूतवी एक्सप्रेस 50 मिनट, 12413 अजमेर–जम्मूतवी पूजा एक्सप्रेस 20 मिनट, 12005 कालका–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस 15 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस 20 मिनट तथा 04502 नंगलडैम–अंबाला 20 मिनट की देरी से गंतव्य स्टेशन पर पहुंची।